## खबर संक्षेप

### हाइड्रा की टक्कर लगने से वृद्ध की मौत

**कटनी।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत शास्त्री कॉलोनी में शुक्रवार सुबह 75 वर्षीय गुलवीर सिंह की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। बताया जाता है कि प्रतिदिन की तरह सुबह चाय पीकर घर लौटते समय ओवरब्रिज के पास एक तेज़ रफ्तार हाईड्रा क्रेन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल गुलवीर सिंह को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, जिसके बाद परिजन उसे अंतिम संस्कार हेतु घर ले आए। बताया गया कि क्रेन चालक सुशील कुमार तेज गति से वाहन चला रहा था और इसी दौरान नियंत्रण खोने से दुर्घटना हुई। दुर्घटना में शामिल हाईड्रा क्रेन (क्रमांक UP 85 ET 9080) को कोतवाली पुलिस ने जब्त कर लिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और परिजनों को आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है।

### विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर हुआ कार्यक्रम



**बड़वारा।** शासकीय महाविद्यालय बड़वारा में भारतीय ज्ञान परंपरा के त्रैमासिक कैलेंडर अंतर्गत "विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस" के उपलक्ष्य में कार्यक्रम कराया गया। "वर्तमान संदर्भ में मानसिक स्वास्थ्य के महत्व" एवं प्राचीन भारतीय परंपरा मानसिक स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण अवधारणाओं पर आधारित व्याख्यान एवं चर्चा हेतु परामर्श सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अध्यक्ष प्राचार्य डॉ.लवकुश सिंह एवं मुख्य अतिथि डॉ.रामगोपाल गुप्ता चिकित्सक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़वारा उपस्थित रहे। डॉ.गुप्ता ने अपने व्याख्यान में मानसिक स्वास्थ्य के वर्तमान संदर्भ में यह बताया कि 16-30वर्ष के उम्र के लोगों मानसिक तनाव तेजी से बढ़ा है। अत्यधिक मानसिक तनाव तेजी से बढ़ने के पीछे का एक कारण इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में मोबाइल, कम्प्यूटर आदि का अत्यधिक उपयोग, सोशल मीडिया पर हमेशा लगे रहने के प्रति सजग ,सचेत और सावधान किया। इससे लोगों के मानसिक तनाव में तीव्रता से वृद्धि हो रही है।कार्यक्रम का संचालन डॉ.राजेश कुमार ने किया।इस अवसर पर महाविद्यालय के सुशील चन्द्र दुबे, डॉ.योगिता अरजरिया, श्रीमती तोषी पटेल एवं अन्य शैक्षणिक स्टाफ और छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### राज्यपाल मंगुभाई पटेल का कटनी आगमन आज

**कटनी।** प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल शनिवार 11 अक्टूबर और रविवार 12 अक्टूबर को दो दिवसीय कटनी प्रवास पर रहेंगे। राज्यपाल श्री पटेल का मैहर से शनिवार 11 अक्टूबर की शाम 5 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा कटनी के झिंझरी स्थित पुलिस लाइन हेलीपैड पर आगमन होगा। यहां से राज्यपाल कार द्वारा सर्किट हाउस कटनी पहुंचेंगे और रात्रि विश्राम करेंगे। राज्यपाल श्री पटेल रविवार 12 अक्टूबर को सुबह 10 बजे कार द्वारा सर्किट हाउस से स्लीमनाबाद क्षेत्र के ग्राम हरदुआ के लिए रवाना होंगे। यहां राज्यपाल प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक ग्राम हरदुआ में आयोजित स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। राज्यपाल ग्राम हरदुआ से कार द्वारा वापस दोपहर 12:30 बजे झिंझरी पुलिस लाइन पहुंचेंगे और यहां भोजन एवं विश्राम के बाद दोपहर 1:40 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा नरसिंहपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### जिले में अब तक 1164.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में इस वर्ष रविवार 1 जून से शुक्रवार 10 अक्टूबर तक कुल 1164.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल रीठी तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 1481.2 मिलीमीटर वर्षा हुई है।

## जिम्मेदार ही बरत रहे लापरवाही, उचित निबटान के साथ कार्यवाही की मांग

# अस्पताल परिसर में खुले में फेंका जा रहा है मेडिकल वेस्ट, संक्रमण का बढ़ा खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान





सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उमरिया पान में लापरवाही का बड़ा मामला सामने आया है। अस्पताल का संपूर्ण बायो-मेडिकल वेस्ट खुले मैदान में फेंका जा रहा है, जिससे संक्रमण फैलने का गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। जानकारी के अनुसार अस्पताल परिसर के पीछे स्थित मैदान में डायपर, सिरिंज, ग्लव्स, सेलाइन की बोतलें, ब्लड स्टेन वाले कॉटन व अन्य मेडिकल अवशेष खुले में फेंके जा रहे हैं। ये सभी सामग्री बायो-मेडिकल वेस्ट की श्रेणी में आती हैं, जिनका निस्तारण नियमानुसार किया जाना आवश्यक होता है।

जागरूक नागरिकों का कहना है कि जब सफाई कर्मी से इस संबंध में पूछा गया तो उसने बताया कि वह यह सब कार्य साहब के निर्देश पर कर रहा है। यह बात सामने आने के बाद लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। लोगों का कहना है कि अस्पताल प्रशासन द्वारा इस तरह खुले में मेडिकल वेस्ट फेंकना स्वास्थ्य सुरक्षा नियमों का खुला उल्लंघन है।

### ये है नियम

गौरतलब है कि बायो-मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट नियम 2016 के अंतर्गत अस्पतालों, क्लीनिकों, लैबों और नर्सिंग होम्स को अपने यहां उत्पन्न मेडिकल कचरे को पृथक करना, चिन्हित कंटेनरों में रखना, और अधिकृत एजेंसी के माध्यम से निस्तारण कराना अनिवार्य है। नियमों के तहत किसी भी परिस्थिति में अस्पताल परिसर या सार्वजनिक स्थान पर मेडिकल वेस्ट फेंकना दंडनीय अपराध है।

स्थानीय निवासियों ने बताया कि यह मैदान पहले लोगों के खेलने और टहलने का प्रमुख स्थान था। अब यह अस्पताल का हिस्सा बन चुका है, लेकिन यहां खुले में कचरा फेंकने से संक्रमण का खतरा बढ़ गया है। सुबह-शाम क्षेत्र के बच्चे क्रिकेट खेलते हैं, बुजुर्ग मॉर्निंग वॉक पर आते हैं और आस-पास के छोटे-छोटे बच्चे मैदान में घूमते रहते हैं। ऐसे में सीरिंज, ग्लव्स या अन्य संक्रमित वस्तुएं बच्चों के हाथ लगने से किसी बड़ी अनहोनी की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। नागरिकों ने अस्पताल प्रशासन से मांग की है कि तत्काल इस तरह के खुले कचरा निस्तारण पर रोक लगाई जाए और बायो-मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट के नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही दोषी कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग की गई है।

जन स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि मेडिकल वेस्ट को खुले में फेंकना न केवल संक्रमण फैलाता है, बल्कि यह पर्यावरण प्रदूषण का भी बड़ा कारण बनता है। इससे मिट्टी, जल और वायु सभी प्रभावित होते हैं। इसलिए आवश्यक है कि अस्पताल अपने कचरे के उचित निपटान की व्यवस्था करे, ताकि स्वास्थ्य सुरक्षा बनी रहे। लोगों ने प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि इस गंभीर लापरवाही पर तत्काल संज्ञान लेते हुए जांच कर जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाए।



## अधिकारियों ने मिठाई दुकानों की जांच कर लिये सेम्पल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पर्व और त्यौहारों के मद्देनजर खाद्य प्रतिष्ठानों और मिठाई दुकानों की सघन जांच और नमूना संग्रहण कर मिलावट करने वालों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करने के कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा दिए गए निर्देश के पालन में कार्रवाई का सिलसिला जारी है।

कलेक्टर श्री तिवारी के निर्देश पर जांच दल द्वारा दूध से बने खाद्य पदार्थ, मावा, पनीर, मिठाइयां और अन्य खाद्य पदार्थ में मिलावट की जांच की जा रही है। नायब तहसीलदार अतुलेश सिंह बघेल ने बताया कि अनुविभागीय अधिकारी कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी द्वारा गठित राजस्व एवं खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा लगातार कार्यवाही करते हुए शहर के मधई मंदिर रोड स्थित खाद्य प्रतिष्ठान कोहली स्वीट एवं गुजराती स्वीट दुकान की जांच की गई ।जांच के दौरान प्रतिष्ठान के संचालकों को साफ -सफाई का विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया और मौके पर कोहली स्वीट से बूंदी एवं बर्फी का नमूना जांच हेतु संग्रहित किया गया। साथ ही गुजराती स्वीट से मगज लड्डु तथा नमकीन का नमूना जांच हेतु लिया गया। दुकानों से लिए गए नमूनों को राज्य खाद्य जांच प्रयोगशाला भोपाल जांच हेतु भेजा जाएगा। रिपोर्ट प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की तहत नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।जांच दल द्वारा शहर में त्योहारों पर बाहर से सप्लाई होने वाले मिठाइयों पर भी विशेष निगरानी रखी जा रही है। जांच दल में नायब तहसीलदार अतुलेश सिंह बघेल एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी ओपी साहू शामिल रहे।

## दुकान से सिगरेट लेने के बाद पैसे मांगने पर किया था हमला

# दुकानदार पर चाकू से हमला करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार कर निकाला जुलूस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



दुकानदार पर चाकू से हमला कर लहुलुहान करने वाले दो बदमाशों को रीठी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में थाना रीठी के धारा 109(1), 3(5)bns के मामले मे आरोपियों को 10 अक्तूबर को गिरफ्तार कर उनका जलूस निकाला गया।

पुलिस के अनुसार 09 अक्तूबर को प्रार्थी राजबहोर बर्मन ने रिपोर्ट दर्ज कराई की शाम करीब 08 बजे आरोपी राजू सिंह और उसका एक अन्य साथी चाय पान की दुकान पर आकर सिगरेट लिया, दुकानदार द्वारा सिगरेट के पैसे मांगने पर पैसा देने से मना कर दुकानदार से ही रूपये की मांग कर विवाद करने लगे तब, प्रार्थी राजबहोर ने पकड़ो की आवाज लगाया तो, इसी दौरान आहत राहुल बर्मन निवासी मुहास आरोपियों को पकड़ने दौड़ा तो आरोपी राजू ठाकुर हत्या करने की नियत से राहुल बर्मन के पेट मे चाकू मार कर मौके से अपनी पल्सर गाड़ी से भाग गए की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया था ।

प्रकरण की विवेचना के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों की निर्देशन पर थाना रीठी पुलिस स्टाफ द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना कारित करने वाले आरोपी (1) राजू सिंह पिता प्रताप सिंह उम्र 28 वर्ष नि.ग्राम खमरिया थाना रीठी हाल-रंगनाथ नगर कटनी (2)साहिअली पिता खलील अली 20 वर्ष नि. थाना रंगनाथ नगर कटनी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर घटना में प्रयुक्त चाकू एवं मोटरसाइकिल जप्त कर आरोपीगणों को गिरफ्तार किया गया, मामले की विवेचना आगे जारी हैं।

उपरोक्त कार्यवाही में विनोद पटेल, दिनेश चौहान, प्रआर.अजय मेहरा, प्र.आर. राम पाठक, आर. शमशेर सिंह, आर. आशुतोष, आर. अमन, आर. नीतेश दुबे, आर. विजय, आर. जफर, आर. इंद्रभान का विशेष विशेष भूमिका रही

## आंगनबाड़ी में महिलाओं को पोषण के प्रति किया जागरूक



बरही तहसील अंतर्गत खितौली में पोषण के प्रति किया जागरूक महिला बाल विकास बडवारा के खितौली सेक्टर अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र एक में महिलाओं को पोषण के प्रति जागरूक किया गया एवं मानव श्रृंखला बनाकर पोषण के प्रति जागरूक किया गया व शपथ दिलाई गई महिला बाल विकास पर्यवेक्षक श्रीमती रोशनी गुप्ता द्वारा पोषण प्रबंधन, स्वच्छता के विस्तृत चर्चा की गई, कार्यक्रम में शिक्षक , आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका एवं अन्य महिला एवं पुरुष शामिल रहे।

## कांग्रेस ग्रामीण जिलाध्यक्ष ने हस्ताक्षर अभियान को लेकर बहोरीबंद में ली कार्यकर्ताओं की बैठक

**स्लीमनाबाद।** वोट चोर गद्दी छोड़' हस्ताक्षर अभियान को लेकर बहोरीबंद में कांग्रेस की बैठक कांग्रेस ग्रामीण जिलाध्यक्ष कुंवर सौरभ सिंह के नेतृव्य में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए कुंवर सौरभ सिंह ने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर 15 सितंबर से 15 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है। अभियान के तहत कांग्रेसी कार्यकर्ता सभी गांव-गांव में जाकर लोगों से हस्ताक्षर करवाएंगे।अभियान का उद्देश्य कथित 'वोट चोरी' और मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए जाने के मुद्दे पर जनता के बीच जागरुकता फैलाना है। एकत्र किए गए हस्ताक्षरों को राष्ट्रपति और चुनाव आयोग को जनता के जनादेश के रूप में सौंपा जाएगा। लोकतंत्र को बचाने के लिए लिए हमें वोट चोरी को रोकना होगा। होग इसी तारतम्य मैं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आवाहन पर हर पोलिंग बूथ पर हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की गई है।जिसमें हर पोलिंग बूथ से 125 लोगों के हस्ताक्षर करवाने है।स्वस्थ लोकतंत्र के लिए निष्पक्ष चुनाव जरूरी है।



इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. केएल जैन,पंडित नरेन्द्र पौराणिक, पूर्व जिला पंचायत सदस्य देवसिंह पटेल, सादिक खान, नरेन्द्र सैनी, ताम सिंह पटेल, अजय गर्ग, गणेश नारायण गुप्ता, दयाशंकर गुप्ता,विजय तिवारी,मुन्ना आदिवासी, नीरज पटेल, पूर्णेंद्र पटेल, चन्द्रभान पटेल,पप्पू मिश्रा, रमेश तिवारी, अंबिका पटेल,सजंय जैन, सर्जय बैरागी, राजेश तिवारी, पुष्पराज सिंह सेंगर, सचिन राजपूत,कमला यादव की उपस्थिति रही।

# करंट लगाकर जंगली सुअर का शिकार दो शिकारियों को वन अमले ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



वन विभाग ने बड़वारा वन परिक्षेत्र के अमगवां में करंट लगाकर जंगली सूअर का शिकार करने और उसका मांस बेचने की कोशिश कर रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वन विभाग को एक गोपनीय सूचना मिली थी। इसमें बताया गया था कि अमगवां से सटे जंगल में कुछ लोगों ने अवैध रूप से वन्य प्राणी का शिकार किया है। अब वे उस मांस बेचने की फिराक में हैं। सूचना की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग की टीम ने तत्काल कार्रवाई का निर्णय लिया। एक विशेष टीम तुरंत मौके पर रवाना हुई और जंगल के आसपास जाल बिछाया गया। टीम की मुस्तैदी के कारण वन विभाग के अमले ने दो व्यक्तियों को वन्य प्राणी के मांस के साथ पकड़ लिया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कामता प्रसाद लोनिया (55 वर्ष, निवासी बिचपुरा) और अमर सिंह गोंड (निवासी अमगवां) के रूप में हुई है। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों से पूछताछ कर इस अवैध शिकार रैकेट में शामिल अन्य लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है।

## अतिथि शिक्षको को तीन माह से नहीं मिला वेतन, आंदोलन की चेतावनी

**स्लीमनाबाद।** स्कूलों में अध्यापन व्यवस्था न बिगड़े इसके लिए अतिथि शिक्षकों की सेवाएं ली जा रही है। अतिथि शिक्षक अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन जवाबदेही के साथ कर रहे है लेकिन कटनी जिले में शासन के आदेशों की अवहेलना शिक्षा विभाग के अधिकारी कर रहे है। जिले में पदस्थ अल्पवेतन भोगी अतिथि शिक्षक विगत तीन माह से बिना वेतन के अपनी सेवाएँ दे रहे हैं। शासन के द्वारा अतिथि शिक्षकों के वेतन के लिए बजट आवंटन जारी कर दिया गया है, लेकिन शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारी भुगतान कराने में नाकाम साबित हो रहे हैं।अल्प वेतन पर कार्य करने वाले अतिथि शिक्षकों के लिए यह स्थिति बेहद चिंताजनक है। विजयदशमी का पर्व तो बिना वेतन ही गुजर गया और अब दीपावली भी वेतन के बिना ही बीतने की आशंका गहराती जा रही है।वेतन भुगतान न होने से आर्थिक स्थिति गड़बड़ा गईं है ओर जीविकोपार्जन का संकट गहरा गया है। अतिथि शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष कंचन पांडेय ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से शिक्षा विभाग के अधिकारियो को अल्टीमेटम दिया है कि यदि शीघ्र वेतन भुगतान नहीं किया गया तो संघ आंदोलन करने को बाध्य होगा! जिसकी सम्पूर्ण जवाबदेही प्रशासन और संबंधित अधिकारियों की होगी।

## स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय में युवा उत्सव शुरू

# 22 प्रकार की विधाओ में युवा दिखाएंगे प्रतिभा का हुनर

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार गुरुवार से स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद में युवा उत्सव का आगाज प्राचार्या डॉ सरिता पांडेय व विभागाध्यक्ष हिंदी डॉ किरण खरादी के द्वारा किया गया। आगामी दो-तीन दिनों तक महाविद्यालय मैं युवा उत्सव की धूम रहेगी। पढ़ाई से इतर छात्र-छात्राये रंगोली, गायन, नृत्य, सांस्कृतिक, सांगीतिक, साहित्यिक एवं रूपांकन गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।रंगोली प्रतियोगिता से दिया गया पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन का संदेश-स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद में गुरुवार से युवा उत्सव का आगाज हुआ।युवा उत्सव के तहत प्रथम दिवस रूपांकन प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ।

रंगोली प्रतियोगिता की थीम आओ पेड़ लगाए की थीम रही। जिसके तहत पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन का संदेश दिया गया।रंगोली प्रतियोगिता के जरिये ये संदेश दिया गया कि पेड़ -पौधों का जीवन मे कितना महत्व है!पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन होने से वर्षा भी सही होती है। रंगोली प्रतियोगिता पर प्रथम स्थान शालिनी राजपूत बीए प्रथम वर्ष की छात्रा ने प्राप्त किया!वहीं ज्योति सिंह बीए तृतीय वर्ष की छात्रा ने द्वितीय स्थान ओर पिंकी पटेल बीए तृतीय वर्ष एवं करण सिंह बीए प्रथम वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया!निर्णायक की भूमिका में डॉ पूनम पांडे, मनोरमा चौधरी,श्रेया मिश्रा ने निभाई। युवा उत्सव समिति में रश्मि राजपूत, शाहीन एवं सुश्री रानू हल्दकर ने भूमिका निभाई।

महाविद्यालय प्राचार्या डॉ सरिता पांडेय ने बतलाया कि युवा उत्सव में 18 विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इसमें रंगोली, कोलाज, पोस्टर मेकिंग, स्पॉट पेंटिंग, मूर्तिकला, कार्टूनिंग, मिमिक्री, मूक अभिनय, हास्य नाटिका, एकांकी, एकल गायन शास्त्रीय, एकल गायन सुगम, एकल गायन पाश्चात्य, समूह गायन भारतीय, समूह गायन पाश्चात्य, एकल नृत्य शास्त्रीय, समूह नृत्य, वाद-विवाद, प्रश्नमंच सहित अन्य विधा शामिल हैं।अंतर कक्षा महाविद्यालय स्तर की प्रतियोगिता के चयनित छात्र जिला स्तर प्रतियोगिता मैं भाग लेंगे।27,28 व 29 अक्टूबर को जिला स्तरीय प्रतियोगिता होगी।

## बांके बिहारी की भक्ति में माह भर लीन रहेंगी महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



पवित्र कार्तिक महीने की शुरुआत बुधवार से हो गई। 27 नवंबर तक पूरे माह धर्म की बयार चलेगी। इस दौरान तीर्थ स्नान, मंदिरों में दर्शन के साथ दान-पुण्य का दौर चलेगा। इस दौरान विशेष तिथियों पर मंदिरों में विशेष आयोजन होंगे।स्लीमनाबाद स्थित रसिक बिहारी जू मंदिर मे कार्तिक मास के आगाज मैं कार्तिक व्रत धारी महिलाओं ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर रामचरित मानस पाठ का गायन किया गया।भगवान बांके बिहारी की आरती कर सुख समृद्धि की कामना की गई।

सिंहवाहिनी महिला मंडल की सदस्यों ने बताया कि पूरे कार्तिक मास मंडल की सभी महिलाएं प्रात काल स्नान कर पूजा अर्चना कर कार्तिक व्रत धारण करेंगी।महिला मंडल प्रमुख मनोरमा त्रिपाठी ने बताया कि कार्तिक मास मैं प्रतिदिन सुबह स्नान करने के साथ कोमल तुलसीदलों से भगवान विष्णु या दामोदर कृष्ण की पूजाकरके दीप प्रज्वलित किये जायेंगे।माह भर दीपदान होगा पंडित दिलीप पौराणिक ने बताया कि कार्तिक मास मैं दीपदान से पाप नष्ट हो जाते है।दीपदान से वैभव व लक्ष्मी प्राप्ति होती है।

कार्तिक महीने में 16 अक्टूबर को एकादशी का व्रत रहेगा। इसके बाद पांच दिन के दीपोत्सव की शुरुआत 18 अक्टूबर को धनतेरस के साथ होगी। 19 अक्टूबर को रूप चतुर्दशी और 20 नवंबर को दीपावली का त्योहार मनाया जाएगा। 21 अक्टूबर को अमावस्या रहेगी। इस बार अन्नकूट 22 अक्टूबर और इसके अगले दिन 23 अक्टूबर को भाईदूज मनाई जाएगी। 30 अक्टूबर को गोपाष्टमी, 31 अक्टूबर को अक्षय नवमी और 5 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा यानि देव दिवाली के साथ महीने का समापन होगा।

## खबर संक्षेप

### भजिया में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर 13 को

**बड़वारा।** बनवारी दास महाराज के सानिध्य में मानव सेवा हितार्थ आंखों का निःशुल्क शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मानव सेवा की इसी श्रंखला में दिनांक 13,10,2025 को बड़वारा जनपद के भजिया ग्राम पंचायत में मेन बाजार शनि मंदिर के सामने उपाध्याय मेडिकल के बाजू में प्रत्येक माह की 13 तारीख को एवम भरभरा धाम (ढीमरखेड़ा) में 15 तारीख को आंखों की निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया जाता है एवम चश्मा प्रदान किये जाते हैं।

### सुरक्षा व्यवस्था हेतु कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की लगी ड्यूटी

**कटनी।** प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल के आगामी दो दिवसीय कटनी दौरे के मद्देनज़र सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी लगाई है। साथ ही सभी अधिकारियों को समय-सीमा में सौंपे गये कार्य पूरा करने के निर्देश दिये गये हैं। राज्यपाल श्री पटेल शनिवार 11 अक्टूबर कटनी पहुंचेंगे और रविवार 12 अक्टूबर को स्लीमनाबाद तहसील के ग्राम हरदुआ में भ्रमण करेंगे। जारी आदेश के अनुसार एसडीएम ढीमरखेड़ा श्रीमती निधि गोहल और कार्यपालिक मजिस्ट्रेट आदित्य प्रकाश द्विवेदी को कार्यक्रम स्थल पर ग्रीन/सेफ हाउस में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने की जिम्मेदारी दी गई है। जबकि संयुक्त कलेक्टर जितेंद्र कुमार पटेल एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट मुड़वारा अवंतिका तिवारी कार्यक्रम स्थल में मंच पर कानून एवं शांति व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालेगे। इसी प्रकार पुलिस लाइन हेलीपैड झिंझरी पर कानून एवं शांति व्यवस्था की जिम्मेदारी डिप्टी कलेक्टर विंकी उइके एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट अजीत तिवारी को, सर्किट हाउस से कार्यक्रम स्थल एवं कार्यक्रम स्थल से हेलीपैड में डिप्टी कलेक्टर प्रदीप मिश्रा एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट आकाशदीप नामदेव तथा राज्यपाल के आगमन से प्रस्थान तक कार्यक्रम के दौरान एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट आशीष अग्रवाल की ड्यूटी लगाई गई है।

### प्रशिक्षण उपरांत प्रदान किए गए सर्टिफिकेट

**कटनी।** प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत विगत माह नगर निगम कार्यालय में आयोजित कार्यशाला के दौरान, खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण एफ.एस.एस.ए.आई का प्रशिक्षण प्राप्त 230 प्रशिक्षणार्थियों को गुरुवार को सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। यह प्रमाण पत्र इंडियानीर मीडिया प्राइवेट लिमिटेड भोपाल के प्रतिनिधियों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले हितग्राहियों को प्रदान किया गया है। इस दौरान राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के सिटी मिशन मैनेजर यश रजक भी मौजूद रहे। सिटी मिशन मैनेजर यश रजक ने बताया कि शासन निर्देशानुसार 16 दिवसीय विशेष अभियान के तहत नगर निगम के राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन द्वारा विगत 26 सितंबर को एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण आयोजित किया गया था। इस प्रशिक्षण मे 230 से भी अधिक फुटकर रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं को भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण का प्रशिक्षण प्रदान कर प्रशिक्षणार्थियों को डिजिटल साक्षरता, ई-कॉमर्स, पैकेजिंग, खाद्य सुरक्षा सहित स्वच्छता हेतु प्रोत्साहित करते हुए डिजिटल लेनदेन के फायदों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

### मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए प्रेक्षक नियुक्त

**कटनी।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिले में नगर पालिकाओं एवं त्रि-पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण 2025 की कार्यवाही हेतु प्रेक्षक की नियुक्ति कर दी गई है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार, राज्य प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी शैलेन्द्र खरे को प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। श्री खरे का कटनी आगमन 14 अक्टूबर को होगा। यहां वे 19 अक्टूबर तक पर्यवेक्षण का कार्य करेंगे। प्रेक्षक के समन्वय और सहयोग के लिए आबकारी उपनिरीक्षक अतुल कोटार को लाइजनिंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है।

---

**विधायक निधि से कराया जा रहा कार्य, सीईओ व एसडीओ ने कहा कराएंगे जांच**

# फर्शीकरण कार्य के गुणवत्ता पर उठे सवाल नोट रेट सीमेंट का किया जा रहा हैं उपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान



ग्राम पंचायत उमरियापान में हो रहे फर्सीकरण कार्य को लेकर गंभीर आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों और स्थानीय जानकारों का कहना है कि विधायक निधि से प्राप्त राशि का खुलेआम दुरुपयोग किया जा रहा है और प्रशासनिक अधिकारी शिकायत सुनने तक को तैयार नहीं हैं।

गौरतलब है कि ग्राम पंचायत उमरियापान में स्थानीय विधायक द्वारा पांच लाख रुपये की विधायक निधि से फर्सीकरण कार्य स्वीकृत किया गया था। इस निधि का उद्देश्य था कि बाजार क्षेत्र में सुविधाजनक फर्श बनाकर ग्रामीणों और राहगीरों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई जाए। ऐसे कार्यों का मकसद आम जनता को राहत और टिकाऊ विकास देना होता है, लेकिन वास्तविकता कुछ और ही तस्वीर पेश कर रही है।

#### सरपंच पुत्र के हाथ पंचायत की कमान

ग्राम पंचायत की कमान भले ही कागज़ों में चुनी हुई सरपंच के हाथों में हो, लेकिन ज़मीनी सच्चाई यह है कि संपूर्ण निर्णय और ठेकेदारी का जिम्मा सरपंच के पुत्र संभाल रहे हैं। बताया जा रहा है कि कार्य किससे कराया जाए, किसे भुगतान दिया जाए और किस स्तर की सामग्री खरीदी जाए—इन सब पर सरपंच पुत्र का ही एकाधिकार है। यह स्थिति न केवल पंचायत राज अधिनियम की भावना के खिलाफ है, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था का मज़ाक भी उड़ाती है।

#### ठेकेदार से कराए जा रहे काम

सूत्रों के मुताबिक, पंचायत के स्थानीय मजदूरों या ग्राम सभा की सहमति से काम कराने की बजाय, सरपंच पुत्र ने अपने नजदीकी ठेकेदार को जिम्मेदारी सौंप दी है। नियमों के अनुसार पंचायत स्तर पर होने वाले कार्यों में स्थानीय लोगों की भागीदारी और पारदर्शिता जरूरी होती है। लेकिन यहां देखा जा रहा है कि ठेकेदार से मनमाने ढंग से काम कराया जा रहा है, जिसमें न तो गुणवत्ता का ध्यान रखा जा रहा है और न ही पारदर्शिता का।

#### गुणवत्ता पर भी उठे सवाल

फर्सीकरण कार्य में उपयोग हो रही सामग्री की गुणवत्ता पर भी सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जो सीमेंट, बालू और पत्थर लगाए जा रहे हैं, उनकी गुणवत्ता बेहद निम्न स्तर की है। कहीं फर्सी पतली डाली जा रही है तो कहीं लेवलिंग तक सही नहीं है। नतीजा यह होगा कि चंद महीनों में ही यह कार्य टूट-फूट का शिकार हो जाएगा। जनता के टैक्स से दी गई निधि का ऐसा दुरुपयोग विकास की जगह बर्बादी की मिसाल बनेगा।

#### इनका कहना है

इस संबंध में जनपद सीईओ यजुर्वेंद्र कोरी का कहना है किअगर इस तरह का घटिया निर्माण कार्य कराया जा रहा हैं तो गलत हैं इसकी जांच कराई जाएंगी।

वहीं एसडीओ अजय केशरवानी का कहना है कि नोट रेट सीमेंट लगाना नियम विरुद्ध हैं अगर इस तरह का कार्य कराया जा रहा हैं तो जांच कराकर कार्यवाही की जाएगी।

इंजीनियर प्रदीप यादव एवं सचिव राजकुमार पटैल का कहना है कि मुझे नोट रेट सीमेंट की कोई जानकारी नहीं है

---

## कर्मचारियों का एमपी अटेंडेंस पोर्टल पर पंजीयन कर प्रस्तुत करें प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

उपायुक्त शैलेष गुप्ता द्वारा निगम में कार्यरत समस्त विभाग प्रमुखों को स्वयं एवं अधीनस्थ कार्यरत समस्त नियमित, विनियमित, फिक्स वेतन, दैनिक वेतन, आउटसोर्स कर्मचारियों का एमपी अटेंडेंस पोर्टल पर पंजीयन कराते हुए पंजीकृत कर्मचारियों की सूची सहित उक्त आशय का प्रमाण पत्र तीन दिवस में मुख्य स्थापना शाखा में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। निर्धारित समयावधि में प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में संबंधित कर्मचारियों का माह सितम्बर 2025 का वेतन भुगतान नहीं किया जावेगा।उपायुक्त द्वारा जारी आदेश में उल्लेखित किया गया है कि संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास, म.प्र. भोपाल के निर्देशानुसार, निकाय में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति की निगरानी एवं प्रबंधन को अधिक पारदर्शी, एकरूपता एवं प्रभावी बनाए जाने के उद्देश्य से एनआईसी द्वारा विकसित एमपी अटेंडेंस पोर्टल के प्रयोग को अनिवार्य किया गया है। जिसके अंतर्गत कार्यालय में आधार आधारित ए.ई.बी.ए.एस उपस्थिति प्रणाली को लागू किया जाना है।

## आग लगने से ग्रहस्ती का सामान जलकर खाक



**बड़वारा।** जगतपुर उमरिया के मदारी टोला में निवास करने वाले अब्बास अली के घर मे चार दिन पूर्व अचानक आग लग जाने से अब्बास अली के परिवार पर मुसीबत टूट पड़ी। अब्बास अली के घर मे दैनिक उपयोग किये जाने वाले घर के बर्तन, कागजात जलकर खाक हो गए हैं। अब्बास अली का कहना है कि आग लगने की जानकारी हल्का पटवारी को भी बताई गई है। हल्का पटवारी ने आश्वासन दिया कि आग लगने से छति ग्रस्त हुए सामान और जले हुए घर का मुआयना किया जाएगा तथा आवश्यक कानूनी कार्रवाई कर उचित शासकीय मदद प्रदान करबाने की कार्रवाई की जाएगी।

---

**उदिता योजना के तहत माहवारी एवं पोषण प्रशिक्षण का आयोजन**

# माहवारी के दौरान स्वच्छता एवं प्रबंधन का रखें ध्यान, नहीं होगी कोई बीमारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



महिला एवं बाल विकास विभाग एकीकृत परियोजना बहोरीबंद अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तेवरी में उदिता योजना अंतर्गत किशोरी बालिकाओं की माहवारी, स्वच्छता एवं पोषण स्वास्थ्य प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार को आयोजित किया गया!पर्यवेक्षक पुष्पा आरख ने कहा कि हमारे भारतीय समाज मै मासिक धर्म एक ऐसा शब्द है, जिसका उच्चारण हमेशा फुसफुसाकर ही किया जाता है। भले ही क्षेत्र अथवा प्रान्त मै इसके लिए अलग -अलग नाम इस्तेमाल किये जाते रहे हो!हर समाज मै इससे जुड़े अंधविश्वास भी लगभग एक जैसे ही है!यही वजह है कि जरूरी होते हुए भी इस विषय पर परिवार या समाज के स्तर पर कभी बातचीत नहीं होती। यही वजह है कि महिलाये किशोरावस्था में ही कई बीमारियों की चपेट मै आ जाती है!वें संकोचवश किसी को इस बारे मै बता नहीं पाती ओर धीरे धीरे वहीं बीमारी एक दिन जानलेवा बन जाती है!इन्ही बातो को ध्यान मै ध्यान मै रखते हुए मध्यप्रदेश सरकार द्वारा 1 नवंबर 2016 को उदिता योजना को शुरू किया गया था। उदिता योजना के किशोरियों और महिलाओं को मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता के बारे में शिक्षित करना, सेनेटरी नैपकिन वितरित करना और उनके पोषण व स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों पर जागरूकता पैदा करना है। पर्यवेक्षक ने किशोरियों को मासिक धर्म के दौरान उचित स्वच्छता बनाए रखने के महत्व को समझाया साथ ही कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों में उदिता कार्नर स्थापित है, जहाँ किशोरियों को सेनेटरी नैपकिन उपलब्ध कराए जाते हैं ओर किशोरियों के पोषण और स्वास्थ्य से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी जानकारी प्रदान गईं। यह योजना सभी किशोरियों और 18 से 49 वर्ष की महिलाओं के लिए है। उदिता योजना किशोरियों के स्वास्थ्य, खासकर मासिक धर्म स्वच्छता और पोषण के प्रति एक सकारात्मक वातावरण बनाने और उनकी जागरूकता बढ़ाने का एक प्रयास है।

## पशुओं में नस्ल सुधार एवं टीकाकरण की दी जानकारी



किसानों की आय बढ़ाने और दुग्ध उत्पादन को दोगुना करने के लक्ष्य को पूरा करने के उद्देश्य से कटनी जिले में "दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान" चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत गाँव-गाँव जाकर पशुपालकों से व्यक्तिशः सम्पर्क किया जा रहा है और उन्हें पशुओं में नस्ल सुधार, पशु स्वास्थ्य एवं पोषण के संबंध में जागरूक किये जाने का आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत अधिकारियों ने ग्राम खेरवा का दौरा कर पशुपालकों से व्यक्तिगत रूप से संवाद किया। इस दौरान ग्रामीणों को कृत्रिम गर्भाधान एवं सेक्स सार्टेड सीमेन से होने वाले लाभ एवं इसके तकनीकी पहलुओं पर चर्चा की गई। पशुओं के नियमित टीकाकरण, वर्ष पर्यन्त हरे चारे का उत्पादन, साइलेज के लाभ सहित शंकाओं का समाधान किया गया। गांव का हर परिवार पशुपालन की गतिविधियों से जुड़े एवं कृत्रिम गर्भाधान को अपनाये इसके लिये प्रेरित किया गया।

---

# वृद्ध दंपत्तियों को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



अग्रसेन महाराज की जयन्ती महोत्सव के मौके पर जिनकी शादी की 50वाँ वर्ष चल रहा है उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शरद अग्रवाल, जबलपुर म.प्र.भारतीय जनता पार्टी के व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक, अध्यक्षता पवन मित्तल, अध्यक्ष, अग्रवाल समाज एवं अग्रवाल म.प्र.महासभा जिला इकाई के अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि सुरेन्द्र कुमार अग्रवाल पूर्व अध्यक्ष, मुरली मनोहर अग्रवाल सचिव अग्रवाल समाज रहे। मुख्य अतिथि शरद अग्रवाल ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में अग्रवाल समाज, वैश्य समाज की अग्रणी संस्था है और हर क्षेत्र में दान दिया है जैसे मंदिर, धर्मशाला, कुओं, बावली स्कूल बनवायें है। व्यापार में तो समाज ने अपना वर्चस्व बनाया ही है पर अब समाज के बच्चे इंजीनियर, डॉक्टर, चार्टड एकाउन्टेंट एवं अन्य क्षेत्रों में रहकर समाज का नाम उंचाईयों में पहुंचा रहे हैं। समारोह में 9 लोगों का सम्मान जयमाला, सम्मान पत्र, अंग वस्त्रों से किया गया।

कौतुक वेशभूषा कार्यक्रम का प्रदर्शन समाज के छोटे छोटे बच्चों द्वारा किया गया । तत्पश्चात बहुत ही आर्कषक देशभक्ति से ओतप्रोत नृत्य नाटिका कार्यक्रम आपरेशन सिंदूर समाज की महिलाओं बच्चों द्वारा प्रस्तुत किया गया। जिसमें अग्रवाल महिला की महिला सदस्यों द्वारा तैयार यह प्रोग्राम की जितनी सराहना की जाये कम है। स्टेप बाई स्टेप पहलगाम हमला, फिर आतंकियों का हमला करना, पाकिस्तान पर हमला कर सीज फायर, काश्मीर में खुशहाली का वातावरण निर्मित किया। उक्त

---

**कन्या महाविद्यालय में रूपांकन विधा का हुआ आयोजन**

# विभिन्न प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता का किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



शासकीय कन्या महाविद्यालय में युवा उत्सव 2025-26 के अंतर्गत तीन दिवसीय अंतरकक्षा प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात और प्रभारी प्राचार्य डॉ. साधना जैन के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम उत्साह और रचनात्मकता के साथ संपन्न हुआ। डॉ. साधना जैन ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ रचनात्मक और सांस्कृतिक गतिविधियाँ छात्राओं की प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने युवा उत्सव को एक ऐसा मंच बताया, जो छात्राओं को अपनी बौद्धिकता, रचनात्मकता और नेतृत्व क्षमता को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करता है। रूपांकन विधा के अंतर्गत क्ले मॉडलिंग, स्पॉट पेंटिंग, कोलाज, रंगोली, व्यंग्यचित्र और पोस्टर निर्माण जैसी विविध प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। इनमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। क्ले मॉडलिंग में गरिमा चक्रवर्ती ने प्रथम और रश्मि पाल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कोलाज प्रतियोगिता में ईशा अहिरवार ने प्रथम स्थान हासिल किया। रंगोली प्रतियोगिता में खुशबू चौधरी ने प्रथम, प्रकृति तिवारी ने द्वितीय और संस्कृति चक्रवर्ती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। व्यंग्यचित्र प्रतियोगिता में मानवी शुक्ला ने प्रथम और नीति शुक्ला ने द्वितीय स्थान हासिल किया। पोस्टर निर्माण में विनीता रेड्डी ने प्रथम, मौसमी तिवारी ने द्वितीय और पायल बर्मन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने अपनी कलात्मक और रचनात्मक क्षमताओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

यह आयोजन बड़ी संख्या में छात्राओं की उपस्थिति के साथ न केवल उनकी प्रतिभा को उजागर करने का अवसर बना, बल्कि उन्हें आत्मविश्वास, नेतृत्व और सहयोग के गुणों को विकसित करने में भी सहायता प्रदान की। युवा उत्सव 2025-26 का यह चरण शासकीय कन्या महाविद्यालय, कटनी के लिए एक प्रेरणादायक और अविस्मरणीय अनुभव रहा।

---

**कृषि वैज्ञानिकों ने किया धान की फसल का निरीक्षण**

# फसलों को कीटों एवं रोगों से बचाने किसानों को दी सलाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कृषि विज्ञान केंद्र कटनी के वैज्ञानिकों ने धान की फसल का निरीक्षण किया। यह कार्यक्रम केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ संजय वैशम्पायन के मार्ग निर्देशन में वैज्ञानिक डॉ आर पी बेन एवं डॉ यति राज खरे, तथा वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्रीमति सुमा मरकाम की उपश्थिति में कटनी जिले के ग्राम बिरुहली (रीठी) में कृषक बृंदावन पटेल के साथ अन्य किसानो के धान का खेतो का निरिक्षण किया।

इस दौरान कृषि वैज्ञानिको ने किसानो को कृषि तकनीकी सलाह दी कि .केंद्र के वैज्ञानिकों ने किसानों को सलाह दी कि अपने खेतों की सतत निगरानी करते रहें । वर्तमान में धान के खेतों में भी रस चूसक कीड़े कहीं कहीं पर दिखाई दे रहे हैं ।

किसानों को सलाह दी गई है कि रस चूसक कीड़ों के प्रभावी नियंत्रण के लिए बीटा-साएफ्लुथरीन के साथ पूर्व मिश्रित इमिडाक्लोप्रिड 140 मिली प्रति एकड़ की दर से 200 लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें, इसके साथ किसी अन्य रसायन का मिश्रण न करें।

इस साल अच्छी बारिश हुई हैं। लेकिन अच्छी बारिश होने के बावजूद, हाल के दिनों में तेज धूप और बदलते मौसम के कारण कुछ धान की फसल में तना छेदक, बंकी और झुलसा जैसी बीमारियों के लक्षण सामने आ रहे हैं।

अधिकारियों ने बताया कि तना छेदक से बचाव के लिए किसान फेरोमोन ट्रैप और लाइट ट्रैप का इस्तेमाल कर सकते हैं। भूरा माहो कीट के नियंत्रण के लिए इमिडाक्लोप्रिड दवाओं का उपयोग किया जा सकता है। धान की फसल में झुलसा रोग के लक्षण दिखाई देने पर ट्राइसाइक्लोजोल, आइसोप्रोथियोलेन, या टेबुकोनाजोल जैसी फफूंदनाशक दवाओं का छिड़काव करने की सलाह दी गई है। छिड़काव दोपहर 3 बजे के बाद करने पर यह अधिक प्रभावी होगा, और 10 से 15 दिन के अंतराल पर इसे दोहराने की आवश्यकता.होगी। शीथ ब्लाइट रोग के लिए हेक्साकोनाजोल का छिड़काव उपयोगी साबित हो सकता है।वैज्ञानिक की टीम ने जिले के कई ग्रामों में भ्रमण कर धान की फसल में कीट प्रकोप का निरीक्षण किया। जिसमें तना छेदक, भूरा माहों, गंधी कीट एवं पेनिकल माईट आदि कीट का किसानों के धान खेत में आक्रमण पाया गया। इन कीटों के पहचान एवं समन्वित प्रबंधन की सलाह दी गई।

---



### कफ सीरप से मृत बच्चों को कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

**उमरियापान।** छिंदवाड़ा में कोलड्रिफ कफ सीरप पीने से हुई दो दर्जन से अधिक बच्चों की मौत के मामले को लेकर कांग्रेस ने कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि दी। झंडा चौक में देरशाम कांग्रेस कार्यकर्ता एकजुट हुए, मौन धारण कर मृत आत्मा की शान्ति हेतू प्रार्थना किया। कांग्रेस ने इस गंभीर मामले के लिए सरकार पर लापरवाही का आरोप लगाया है। मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में कांग्रेस ने पीड़ित परिवारों को मुआवजा देने और दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग किया है। इस मौके पर शिवकुमार चौरसिया, मौजीलाल पौराणिक, सरपंच अटल ब्यौहार, चंद्रिका प्रसाद चौरसिया,सुखदेव चौरसिया ,वंशरूप चौरसिया,जमुना तिवारी आदि की उपस्थिति रही।

## 1.75 लाख से अधिक किसानों की फार्मर आईडी रजिस्ट्री बनीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कृषकों को कम्प्यूटरीकृत प्रक्रिया के माध्यम से आसानी से केसीसी ऋण प्राप्त हो सके तथा हितग्राही मूलक योजनाओं का निर्धारण एवं सत्यापन की प्रक्रिया सुनिश्चित करने हेतु राज्य शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक कृषक भूस्वामी की फॉर्मर रजिस्ट्री कर एक यूनिक आईडी भारत सरकार द्वारा जनरेट कर प्रदान की जा रही है। जिले में अब तक 1 लाख 75 हजार 61 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री का कार्य संपादित किया जा चुका है। यह कुल लक्ष्य के विरुद्ध 99 प्रतिशत उपलब्धि है।

कलेक्टर द्वारा राजस्व अधिकारियों की बैठक में किसानों के फार्मर आई डी रजिस्ट्री मामले की निरंतर सतत समीक्षा की वजह से यह उपलब्धि हासिल हो सकी है। कलेक्टर के निर्देश के बाद जिले में अभियान स्वरूप में फार्मर आईडी रजिस्ट्री प्रक्रिया का कार्य संपादित किया गया। कटनी नगर तहसील में अब तक 9 हजार 437 किसानों की फार्मर आई डी बनाईं जा चुकी है। जबकि कटनी ग्रामीण तहसील के 10 हजार 613 किसानों की, स्लीमनाबाद तहसील के 17 हजार 170 किसानों, बहोरीबंद तहसील के 25 हजार 621 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री की जा चुकी है। इसी प्रकार विजयराघवगढ़ तहसील के 29 हजार 508 किसानों की, ढीमरखेड़ा तहसील के 26 हजार 880 किसानों सहित बरही तहसील के 17 हजार 216 किसानों और रीठी तहसील के 22 हजार 505 किसानों एवं बड़वारा तहसील के 16 हजार 111 किसानों की फार्मर आईडी बनाईं जा चुकी है।

किसान घर बैठे अपने मोबाइल पर फार्मर सहायक एमपी एप डाउनलोड कर फार्मर रजिस्ट्री करा सकते हैं। मोबाइल एप के अलावा किसान पटवारी से भी करा सकेंगे।

**खबर संक्षेप**

### जुआ फड़ पर पुलिस का छापा, 5 जुआरी गिरफ्तार

**ढ़ीमलहरा।** थाना क्षेत्र के ऊजरा गांव में जुआ फड़ पर पुलिस ने छापा मारकर 5 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। फड़ से 13 हजार रुपये नगद, 4 मोबाइल फोन, 2 मोटरसाइकिल और ताश की गड्डी बरामद हुई। जुआरियों पर पब्लिक गैंबलिंग एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गढ़ीमलहरा पुलिस को ग्राम ऊजरा में जुआ खेलने की सूचना मिली, जिसके आधार पर पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देश पर गठित टीम ने छापा मारकर जुआरी कमलेश उर्फ वरदानी कुशवाहा, उमाशंकर कुशवाहा, संदीप द्विवेदी सभी निवासी दाउपुरा, थाना श्रीनगर जिला महोबा उत्तरप्रदेश, राहुल सिंह ठाकुर निवासी अतरार और अनिरुद्ध सिंह ठाकुर निवासी अतरार को पकड़ लिया।

### शराब के नशे में पुलिस कर्मियों ने मचाया हंगामा

**छतरपुर।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के पन्ना रोड स्थित शराब दुकान के पास बीती रात पुलिसकर्मियों द्वारा शराब के नशे में हंगामा किए जाने का मामला सामने आया है। उक्त घटना का वीडियो शुक्रवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें पुलिसकर्मी एक युवक को गालियां देते और झगड़ते नजर आ रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीती रात करीब 9 बजे पन्ना रोड की शराब दुकान के पास हाथ ठेला पर कुछ लोग शराब पी रहे थे। उसी दौरान वाहन चालक श्यामलाल कुशवाहा हाथ ठेला पर सिगरेट लेने पहुंचा। जैसे ही उसने सिगरेट खरीदी, वैसे ही पास खड़े शराब के नशे में धुत दो व्यक्ति उससे सिगरेट मांगने लगे।

सीएचओ और एएनएम नदारत

# उप स्वास्थ्य केंद्रों पर ताला, लाखों की बिल्डिंग बनकर रह गई शोपीस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार



सरकार द्वारा ग्रामीण अंचलों में लाखों रुपये की लागत से बनाए गए उप स्वास्थ्य केंद्र (हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर) अब लापरवाह स्वास्थ्यकर्मियों के कारण बेकार साबित हो रहे हैं। जनपद जबेरा क्षेत्र के बम्होरी, चिलोद, माला, चौपरा, घाना पटना, मानगढ़, परस्वाहा, घटेरा, हरदुआ, करके, मौसीपुरा, सिंगपुर, सिग्रामपुर, चौरई ग्राम, कलुमर, कोड़ा कला सहित कई ग्रामों में करीब 49 लाख रुपये की लागत से आधुनिक उप स्वास्थ्य केंद्र भवनों का निर्माण किया गया है। इन भवनों में प्रसव कक्ष, ओपीडी कक्ष, टीकाकरण कक्ष, लेबर रूम, प्रतीक्षालय, वार्ड, लेबोरेटरी रूम, तीन शौचालय, एक बाथरूम और प्रथम तल पर सीएचओ एवं एएनएम कक्ष जैसी सभी सुविधाएँ मौजूद हैं। मंशा थी कि गाँव-गाँव में ही लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएँ मिलें ताकि छोटी बीमारियों या जांचों के लिए शहर या बड़े अस्पतालों तक न जाना पड़े और केवल इलाज ही नहीं बल्कि स्वास्थ्य देखभाल व बीमारियों की रोकथाम पर भी ध्यान दिया जाए। ओपीडी में सामान्य जांच और दवा, गर्भवती महिलाओं की जांच, बच्चों का टीकाकरण, रक्तचाप व शुगर की जांच, एनीमिया की पहचान, मानसिक स्वास्थ्य, वृद्ध देखभाल और किशोर स्वास्थ्य सेवाएँ सहित टीबी, मलेरिया और डायबिटीज जैसी बीमारियों की जांच व परामर्श जैसी सुविधाएँ दी जानी थीं। लेकिन हकीकत इससे बिल्कुल अलग है। अधिकांश उप स्वास्थ्य केंद्रों पर ताला लटका रहता है और सीएचओ व एएनएम दोनों ही अक्सर नदारत रहते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि महीने में टीकाकरण के चार मंगलवार छोड़ दिए जाएं तो बाकी समय सेंटर पर ताला ही लटका रहता है और मरीजों को इलाज के लिए मुख्यालय या निजी अस्पतालों की शरण लेनी पड़ती है। स्थिति इतनी भयावह हो चुकी है कि चिलोद उप स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी और एएनएम के नहीं रहने के कारण नवनिर्मित भवन की पंखे, खिड़कियाँ और बिजली फिटिंग तक चोरी हो चुकी हैं। वहीं माला और मानगढ़ उप स्वास्थ्य केंद्रों की हालत यह है कि यहाँ महीनों से सीएचओ कल्पना अहिरवार और एएनएम रीता राजभार की अनुपस्थिति के कारण गेट पर घास उग आई है, परिसर में पेड़-पौधों की पत्तियाँ और कचरा जमा हो गया है और पूरा भवन वीरान पड़ा दिखाई देता है।

वाहवाही लूटने के लिए इन भवनों का ताबड़तोड़ लोकार्पण तो किया गया, लेकिन इन केंद्रों में ओपीडी सेवाएं शुरू कराने और कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने की ओर किसी का ध्यान नहीं गया। विभागीय अधिकारी भी निरीक्षण के नाम पर नदारत हैं, जिसके कारण कर्मचारियों के हौसले बुलंद हैं और ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाएँ पूरी तरह ठप पड़ी हैं। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग से तत्काल जांच और कार्रवाई की मांग की है ताकि इन लाखों की लागत से बनी बिल्डिंगों में फिर से ओपीडी चालू हो सके और जनता को वास्तविक रूप में प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएँ मिल सकें। ग्रामीणों ने कहा कि जब भी कोई मरीज आता है, केंद्रों पर ताला लगा मिलता है। गौरतलब है कि इन भवनों का निर्माण लाखों रुपये की लागत से हुआ था ताकि गाँव के लोगों को बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाएँ मिल सकें, मगर कर्मचारियों की अनुपस्थिति के कारण सरकार की यह मंशा पूरी नहीं हो पा रही है।

डॉ राकेश आठिया सीएचएमओ का कहना है आपके द्वारा संज्ञान में लाया गया है मैं दिखवाता जांच करवाते है और उप स्वास्थ्य केदो में नदारत रहने वाले सीएचओ और एएनएम पर कार्रवाई की जाएगी।

## लोकरंग महोत्सव जयपुर में घूमन प्रसाद पटेल व साथियों द्वारा कांगड़ा नृत्य गायन की देंगे प्रस्तुति



**पथरिया।** मध्यप्रदेश संस्कृति विभाग के निर्देशन में नेहरू युवा नव जागृति नव युवक मंडल समिति बांसा कलां तहसील पथरिया जिला दमोह से आकाशवाणी एवं दूरदर्शन कलाकार घूमन प्रसाद पटेल अपनी 14 सदस्यों की टीम सहित जयपुर राजस्थान में आयोजित 11 दिवसीय 28 वें लोकरंग महोत्सव कार्यक्रम में बुंदेली कांगड़ा नृत्य गायन की प्रस्तुति देंगें,टीम के प्रभारी घनश्याम पटेल ने बताया कि जवाहर कला केन्द्र जयपुर की ओर से 7 से 17 अक्टूबर तक देश की लोक कलाओं को समर्पित 11 दिवसीय 28 वें लोकरंग महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। भारत की मनोरम लोक संस्कृति के सौंदर्य से सराबोर करने वाले लोकरंग में राजस्थान समेत देश के विभिन्न क्षेत्रों के लोक कलाकार अपनी लोक कलाओं की प्रस्तुति देंगे। इसमें 28 राज्यों के लगभग 2500 लोक कलाकार प्रस्तुतियां देने आएंगे, इसमें राजस्थान के 1300 लोक कलाकार अपनी कलाओं का प्रदर्शन करेंगे उसी में संस्कृति विभाग मध्यप्रदेश के मार्गदर्शन में बुंदेली कांगड़ा नृत्य गायन की प्रस्तुति करने का हमारी टीम को अवसर प्राप्त हुआ है में मध्यप्रदेश संस्कृति विभाग का धन्यवाद आभार व्यक्त करता हूं। इस अवसर पर बुंदेली कांगड़ा नृत्य गायन से मुख्य कलाकार घूमन प्रसाद पटेल,प्रदीप,पर्वत,भीकम, बंटी, जीवन,गोविंद, प्रकाश,लल्लू रैकवार, भरत लाल लिटोरिया, रितेश, सहित साथी लोकरंग महोत्सव में मौजूद रहेंगे।

## बिना चिकित्सीय परामर्श एवं प्रिसक्रिप्शन पर्ची के औषधि न खरीदें

**दमोह।** बच्चों की मृत्यु की घटनाएँ खाँसी सिरप के सेवन से जुड़ी पाई गई हैं। इस प्रकार की त्रासदी की पुनरावृत्ति रोकने हेतु औषधियों के निर्माण, भंडारण, वितरण एवं विक्रय की प्रक्रिया को औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 तथा नियम, 1945 के प्रावधानों के अनुरूप बनाए रखने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जिले के समस्त औषधि थोक विक्रेता, खुदरा औषधि विक्रेता, पंजीकृत बाल रोग विशेषज्ञ तथा समस्त निजी नर्सिंग होम/चिकित्सालयों को जारी किए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने थोक औषधि विक्रेताओं से कहा है औषधियों का विक्रय केवल वैध खुदरा औषधि अनुज्ञाप्ति धारक प्रतिष्ठानों को ही किया जाए।

किसी भी परिस्थिति में सीधे रोगियों को औषधि प्रदान न की जाए। किसी भी औषधि के संदिग्ध पाए जाने पर उसका विक्रय तत्काल रोका जाए एवं सूचना औषधि निरीक्षक को दी जाए। खरीद-विक्रय एवं वितरण के सभी अभिलेख धारा 18ठ के अनुसार न्यूनतम 3 वर्ष तक सुरक्षित रखे जाएँ।उन्होंने कहा खांसी सामान्य सर्दी का एक सामान्य लक्षण है, जो शरीर को वायुमार्ग से बलगम निकालने और फेफड़ों की सुरक्षा में मदद करता है। खांसी के लिए बिना दवा के उपचार जैसे तरल पदार्थों का अधिक सेवन, विशेष रूप से गुनगुना पेय, गले को शांत करने में सहायक होता है। अधिकांश बच्चे बिना दवा के स्वयं ठीक हो जाते हैं और खांसी या सर्दी की दवा बीमारी के प्राकृतिक क्रम को नहीं बदलती और न ही इसे जल्दी ठीक करती है। कुछ खांसी और सर्दी की दवाओं में एंटीहिस्टामिन और डीकंजेस्टेंट होते हैं, जो गंभीर दुष्प्रभाव जैसे सांस लेने में कठिनाई उत्पन्न कर सकते हैं।

ये दुष्प्रभाव जीवन.घातक हो सकते हैं, विशेष रूप से 2 वर्ष से छोटे शिशुओं में। खांसी का उपचार तभी आवश्यक है जब लक्षण बहुत अधिक असहज हों या सांस लेने या सोने में कठिनाई हो। ऐसी दवाएँ 4 वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों में केवल डॉक्टर के परामर्श से ही दी जानी चाहिए। खांसी की दवाओं में केवल एक औषधीय घटक होना चाहिए। मिश्रित या बहु-घटक खांसी की दवाएँ अनुचित हैं और उपयोग नहीं की जानी चाहिए। **Levodropropizine** एक सुरक्षित अणु है, जो लगातार परेशान करने वाली खांसी में दिया जा सकता है। लेकिन इसे केवल 4 वर्ष से अधिक उम्र में डॉक्टर की सलाह पर ही उपयोग करना चाहिए। **IAP Respiratory Chapter** 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में सर्दी और खांसी की दवाओं के उपयोग की अनुशंसा नहीं करता।

कफ सिरप से नवजात मासूमों की मौत पर प्रदेश स्तब्ध

## कांग्रेस ने कैंडल मार्च निकालकर जताया विरोध



**तेंदूखेड़ा।** गुरुवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के द्वारा छिंदवाड़ा एवं बैतूल जिलों में जहरीली कफ सिरप पीने से कई नवजात मासूम बच्चों की दर्दनाक मौत से समूचा प्रदेश स्तब्ध और शोकाकुल है। इस हृदय विदारक घटना के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी तेंदूखेड़ा के नेतृत्व में नगर में एक शांतिपूर्ण कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। यह मार्च प्रभारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नीलेश यादव एवं जनपद तुलाराम यादव पंचायत अध्यक्ष के नेतृत्व में निकाला गया। कैंडल मार्च में शामिल कांग्रेसजनों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लिया। इस गंभीर घटना के लिए स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि, ₹जब बच्चों की जान पर बन आई हो, तब स्वास्थ्य मंत्री का पद पर बने रहना नैतिकता के खिलाफ है। उन्हें तुरंत इस्तीफा देना चाहिए। समाजसेवी मदन नामदेव ने भी घटना पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि, ₹यह बेहद दुखद और चिंताजनक है कि जिस कफ सिरप को पूर्व में प्रतिबंधित किया गया था, वही सिरप अब मासूमों की जान ले रहा है। यह सरकार की लापरवाही और प्रशासन की निष्क्रियता को दर्शाता है।₹ कैंडल मार्च के माध्यम से ब्लॉक कांग्रेस ने सरकार से माँग की कि दोषी दवा कंपनियों एवं संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध तत्काल कठोर कार्रवाई की जाए, पीड़ित परिवारों को मुआवजा दिया जाए और प्रदेशभर में वितरित दवाओं की गुणवत्ता की व्यापक जांच कराई जाए। इस कैंडल मार्च में अनेक कांग्रेस नेता, कार्यकर्ता एवं समाजसेवी शामिल हुए, जिनमें प्रमुख रूप से श्रीकांत पोर्ते, मदन नामदेव, दिलीप खटीक, प्रमोद बेन, गोपाल दुबे, रामकृष्ण मालवीय, शोएब खान, मुस्ताक खान, रहीश खान, नरेश केवट, धर्मेंद्र यादव, तिलक राज, विनोद अहिरवार, पीतांबर साहू, पूर्व नगरपालिका

## एक महीने बाद भी नहीं मिली विंध्याचल एक्सप्रेस की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया

कोरोना काल में मार्च 2020 में रेल्वे प्रशासन द्वारा ट्रेनों के संचालन बंद कर दिया गया उसके बाद जब पुनः संचालन शुरू हुआ तो पथरिया स्टेशन पर जिन 6 ट्रेनों का स्टापेज था उनको बंद कर दिया। क्षेत्र की जनता द्वारा लगातार तत्कालीन सांसद प्रहलाद सिंह पटेल से मांग की गई तब 5 ट्रेनों का स्टापेज 3 वर्ष मिल गया लेकिन विंध्याचल एक्सप्रेस जिसका शुरु से पथरिया में स्टापेज था उसका नही हुआ जबकि बीना कटनी के बीच अन्य स्टेशन पर था,करीब 5 वर्ष बाद विगत सितंबर माह में रेलवे बोर्ड द्वारा पुनः पथरिया स्टेशन पर स्टापेज स्वीकृत किया गया है लेकिन सोचने वाली बात है कि रेलवे बोर्ड से एक महीने पहले स्वीकृति मिल गई लेकिन मंडल द्वारा अभी तक स्वीकृति नही मिल पाई जिससे अभी तक स्टापेज नही मिल पा रहा है जबकि रेलवे बोर्ड से जैसे पत्र जारी हुआ तत्काल सोशल मीडिया पर वायरल होने से सभी को खुशी जाहिर हुई लेकिन अभी तक स्टापेज नही होने से आमजन को लाभ नही मिल पा रहा है।

### सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 13 को

**दमोह।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दमोह ने बताया जिला पंचायत दमोह की सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 13 अक्टूबर को जिला पंचायत सभाकक्ष में दोपहर 02:30 बजे आयोजित की गई हैं। बैठक में एजेण्डावार चर्चा की जायेगी।

## कथा में माता कुंती द्वारा भगवान कृष्ण की भक्ति का किया भावपूर्ण वर्णन



**सिंग्रामपुर।** सिंग्रामपुर पड़ाव मैदान में 8 अक्टूबर से आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का सिंग्रामपुर मे सुनील पटेल के यहां चल रही श्री मद भागवत कथा मे वांचक पंडित आशीष गुरु कृष्णचरणानुरागी जी ने बताया दूसरे दिन की कथा मे माता कुंती द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति और उनकी स्तुति का वर्णन किया जाता है, जिसमें सांसारिक सुखों की कामना न करते हुए प्रभु के कष्टों को भी सहर्ष स्वीकार करने का भाव प्रकट होता है। इस दिन युधिष्ठिर के मोह और भीष्म पितामह के वैराग्य का भी वर्णन होता है, जो कृष्ण की अनुपम भक्ति और उनके प्रति कुंती के प्रेम को दर्शाता है। श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह मैं धर्म प्रेमी बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में सुनने पुहंच रहे हैं।

## कार्यालयों में कई कर्मचारी ड्यूटी से नदारत, फिर भी मिल रहा वेतन

**पथरिया।** अनुविभागीय मुख्यालय अंतर्गत आने वाले कार्यालयों में कई विभागों में कर्मचारियों की नियमित नही आने के बाद भी विभाग प्रमुख द्वारा वेतन बराबर दिया जा रहा है। शासन के कुछ कार्यालय में सार्थक व अन्य पोर्टल पर हाजिरी ली जा रही है लेकिन जिन कर्मचारियों को नही आना उन पर कोई प्रभाव नही पड़ता और कारण भी है जब बिना ड्यूटी पर जाए वेतन पूरा मिल रहा है तो क्यों जाए अगर कोई कुछ बोलें तो इधर उधर से जनप्रतिनिधियों से कार्यालय प्रमुख को मोबाइल पर बात करवा देते हैं जिससे उनकी मनमर्जी चल रही है। कुछ विभाग को छोड़ प्रायः प्रायः सभी भी 2-4 कर्मचारी मिल जाएंगे जो महीनों से नही अपनी ड्यूटी पर आ रहें और वाकायदा वेतन पूरा मिल रहा है।। सिस्टम लाख कोशिश कर लें पर जब तक विभाग में अधिकारी व लेखापाल ऐसे रहेंगे तब तक सुधार संभव नहीं क्योंकि जिनको जिम्मेदार है। वह क्या कारण रहता है कि बिना ड्यूटी के बाद भी वेतन पूरा दें रहें हैं या फिर मिलीभगत है जिससे यह सब चल रहा है। इसकी निष्पक्ष जांच होना चाहिए कि आखिर किस विभाग में कौन कर्मचारी कब से नदारद है और वेतन पूरा मिल रहा। जिलें के जवाबदेह प्रशासन के मुखिया इस पर ध्यान देंगे ऐसी जनपेक्षा है।

## जैन मिलन शाखा की मासिक बैठक संपन्न



**पटेरा।** श्री बडे बाबा जैन मिलन शाखा पटेरा की मासिक बैठक श्री दिगंबर जैन सिद्ध क्षेत्र कुण्डलपुर जी में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष नरेन्द्र बजाज द्वारा की गई। सर्वप्रथम महावीर प्रार्थना की गई। बैठक में मुख्य रूप से 12 अक्टूबर को आयोजित द्वितीय क्षेत्रीय कार्यशाला श्री आदिश्वर गिरी नोहटा में आयोजित है इसमें पटेरा कुंडलपुर शाखा से अधिक से अधिक सदस्यों से भाग लेने का अनुरोध किया गया। बैठक में दस से अधिक सदस्यो ने अपनी सहमति प्रदान की। अन्य विषयों पर चर्चा की गई। बैठक का संचालन मंत्री महेश जैन ने किया। सदस्य निर्मल जैन शिक्षक द्वारा अपने नाती के जन्म दिवस पर सभी सदस्यों को सांयकालीन भोज कुंडलपुर जी में ही आयोजित किया गया जिसमें सदस्यों ने शामिल होकर बधाई दी। बैठक का आभार राजेन्द्र राही ने किया। निर्मल जैन का सभी ने आभार माना। बैठक में प्रमुख रूप से अनिल शास्त्री, महेश जैन, राजेन्द्र राही, राजेश सेठ, देवेन्द्र जैन, अमित जैन, प्रमोद बडकुल, निर्मल जैन, स्वतंत्र जैन सहित अनेक सदस्य शामिल रहे।

## औषधि विक्रेता संघ द्वारा नि-क्षय मित्र किट का किया गया वितरण



**हटा।** प्रधानमंत्री नि-क्षय मित्र योजना के तहत सिविल अस्पताल में क्षय रोगियो को पौष्टिक आहार की किट दी जाती है इस योजना में कलेक्टर महोदय के निर्देशानुसार जिला औषधि विक्रेता संघ दमोह द्वारा लगातार 6 माह तक संपूर्ण जिला में पौष्टिक आहार किट का वितरण सिविल अस्पताल में बीएमओ डॉ.उमाशंकर पटेल के मार्गदर्शन में 12 मरीजों को किट का वितरण किया गया इस दौरान डॉ. अनंत कुमार,डॉ.मनीष बहेरिया, प्रभारी हरीशंकर दहायत, बी.एल.तंतवाय, हरीशंकर साहू,भज्जू पटैरया,अल्का शिवहरे ,प्रिंकी राजपूत के अलावा दवा विक्रेता लखन मोदी,चन्द्रभान पटैल,योगेश अग्रवाल,रवि बिदौल्या,बाहुबली जैन की उपस्थिती रही।

### कार्यशाला का आयोजन आज

**दमोह।** आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण में जिले की सभी निकायों के उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं नगरीय क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने हेतु सुझाव एवं सहभागिता के अंतर्गत एक कार्यशाला का आयोजन आज 11 अक्टूबर 2025 दिन शनिवार को प्रातः 10:30 बजे से शाम 04:30 बजे तक बेलाताल स्थित ऑडीटोरियम में आयोजित किया जा रहा हैं। इस सबंध में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने समस्त नगर पालिका अधिकारियों से कहा जिले के समस्त मुख्य नगर पालिका अधिकारी अपनी निकाय के समस्त जनप्रतिनिधि, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, एवं पार्षदगणों को उक्त कार्यशाला में आमंत्रित किया जाये एवं स्वच्छता सर्वेक्षण से संबंधित नोडल, सहायक नोडल एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर के साथ उक्त कार्यशाला में अनिवार्यतः उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने बताया इस कार्यक्रम हेतु समन्वय अधिकारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद दमोह राजेन्द्र सिंह ठाकुर रहेंगे।

## करनपुरा में से पूर्ण रूप से शराब बंद



**जबेरा।** जनपद क्षेत्र के ग्राम करनपुरा में सरपंच सचिव एवं समस्त ग्राम वासियों की उपस्थिति में भगवती मानव कल्याण संगठन के सहयोग से प्रस्ताव पारित किया गया कि ग्राम करनपुरा में कोई भी व्यक्ति शराब नहीं बेचेगा ना ही शराब पीकर कोई गाली गलौज करेगा। अगर कोई भी व्यक्ति इसका उल्लंघन करता है तो दंड जुर्माना के साथ कानूनी कार्यवाही एवं सामाजिक बहिष्कार किया जाएगा। बैठक में किसान मोर्चा प्रांतीय अध्यक्ष शोभा सिंह, संभाग के अध्यक्ष सुजान सिंह, सरपंच कल्याण सिंह, सचिव राजकुमार सिंह, रोजगार सहायक शिवराज सिंह, सरपंच देवी सिंह, पूर्व सरपंच सोनी सिंह, प्रांतीय सचिव विनोद सिंह, जिला सचिव सुरेश राय, प्रकाश सिंह, दिनेश अहिरवार, शैलेंद्र जैन, एएसआई अशोक सिंह की उपस्थिति रही।

## संघ द्वारा पथ संचलन का आयोजन



**नरसिंहगढ़।** 10 अक्टूबर को मंडल नरसिंहगढ़ में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष होने पर विजयदशमी महोत्सव व पथ संचलन का कार्यक्रम हुआ जिसमें मंडल से सभी स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में शामिल हुए जिसमें मुख्य वक्ता भारतेंदु जी पथरिया बटियागढ़ खंड रहे। प्रचारक का बौद्धिक उदबधोन प्राप्त हुआ। उन्होंने हिंदू समाज से एकजुट होकर भारत माता को परम वैभव ले जाने की बात कही कार्यक्रम में विभाग शारीरिक शिक्षण प्रमुख माननीय खंड संघ संचालक खंड कार्यवाह जिला शारीरिक शिक्षण प्रमुख मंडल कार्यवाह उपखंड कार्यवाह व खंड सद्भावना प्रमुख सेवा प्रमुख की प्रमुख उपस्थित रही। ग्राम के प्रमुख मार्गो से होते हुए केले वाली माता मंदिर से होते हुए बस स्टैंड कृष्ण मंदिर से निकला। जगह-जगह स्वागत करते हुये ग्राम पंचायत नरसिंहगढ़ सरपंच प्रतिनिधि राजेंद्र बिदौलिया द्वारा पुष्प वर्षा कराई। आदर्श सोनी और ऐसे कई लोगों ने पुष्प वर्षा करके स्वागत किया। मंदिर सरस्वती शिशु मंदिर में हुआ समापन। इस अवसर पर नरसिंहगढ़ भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश पटेल, महेंद्र पटेल, विजय आठिया, लक्ष्मण सिंह, विनोद तिवारी, साहब सिंह, कोमल सिंह, धर्मेंद्र सिंह, संतोष वेद, आकाश सोनी, खुमान सिंह, परशुराम सिंह।

**खबर संक्षेप**

## दीपावली मेला तहसील ग्राउण्ड परिसर में आज से

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया 11 से 20 अक्टूबर तक तहसील ग्राउंड में जिला प्रशासन के द्वारा दीपावली मेला लगाया जायेगा। इस मेले में जिले के स्व-सहायता समूहों के उत्पादों के 80 से अधिक स्टॉल लगेंगे। साथ ही प्रजापति समाज के जो लोग दीये आदि बनाते हैं, दीपावली में सजावट का समान पूरा बनता हैं, इन सब समानों की विक्री यहां पर की जाएगी, इसके अलावा बुंदेली व्यंजनों का स्वाद भी लोग यहां पर ले सकेंगे। उन्होंने कहा 16 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक नगर पालिका के माध्यम से दीपावली की बिकने वाली सामग्री लगेंगी। स्व-सहायता समूह का प्रदर्शन 11 से 15 अक्टूबर तक है और 16 से 20 अक्टूबर तक दीपावली की जनरल बिक्री की सामग्री वहां पर लगेगी। कलेक्टर श्री कोचर ने सभी जिलेवासियों से आग्रह करते हुए कहा लोकल को वोकल बनाने का एक अवसर हैं जो प्रधानमंत्री जी, मुख्यमंत्री जी, स्थानीय जनप्रतिनिधियों का संदेश भी हैं। कृपया लोकल को वोकल बनाने के लिए स्व-सहायता समूह की बहनों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए इस मेले में जरूर आएं और इनके उत्पादों को अवश्य खरीदें। सभी जनप्रतिनिधिगण भी कल उपस्थित रहेंगे जिनके मार्गदर्शन में यह मेला आयोजित किया जा रहा हैं।

### चलनी से चांद देख किया अपने चाँद का दीदार

# सुहागिनों ने रखा करवा चौथ व्रत

### दाम्पत्य जीवन सुखमय हो व पति की लंबी आयु के लिये रखा व्रत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह





दाम्पत्य जीवन सुखमय हो, सारी विघ्न बाधाओं से दूर हों, पति की आयु चाँद के जैसी लम्बी हो, कुछ इसी तरह की मनोकामनाओं को लेकर महिलाओं ने करवाचौथ का व्रत रखा। करवाचौथ पर चांद के दीदार संग सुहागिनों ने खुद के अखण्ड सौभाग्य की कामना की। पति के प्रति समर्पण और स्नेह का पर्व शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया। पत्नियों ने दिन भर निर्जला उपवास रखा और गौधूली बेला के समय सरोवरों में दीपदान कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना करते हुए महिलाओं ने साथ मिलकर करवाचौथ व्रत की कथा सुनी। इस अवसर पर सोलह श्रृंगार कर सजनियों ने चांद निकलने का इंतजार किया, चांद निकलने के बाद रस्म के अनुसार चन्द्रमा की पूजा-अर्चना कर अर्घ्य दिया और व्रत सम्पन्न किया। तत्पश्चात चलनी की ओट से चांद को देखकर चलनी के अंदर से पति का दीदार कर लम्बी उम्र की कामना के साथ सुहागिनों ने अपने साजन के हाथों मिष्ठान्न ग्रहण कर पानी पीकर व्रत खोला।कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को सुहागिन स्त्रियों के द्वारा करवाचौथ का व्रत किया गया। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी इस व्रत को लेकर महिलाओं में पूर्व से काफी उत्साह नजर आया। समाजसेवी नंदा असाटी ने बताया कि पति की लम्बी उम्र के लिए इस व्रत से श्रेष्ठ कोई व्रत नहीं है। यह व्रत पहले की अपेक्षा अब तेजी के साथ मनाया जाने लगा है। नवदम्पत्तियों में करवाचौथ व्रत का बेसब्री से इंतजार रहता है। पति-पत्नि में एक दूसरे के लिए समर्पण का भाव इस त्यौहार में नजर आता है। फ्रेश ऐन फाईन परिवार की नई सदस्य व नंदा असाटी की बहू श्रीमती आकांक्षा व्दारा अर्नव असाटी के लिए पारंपरिक व्रत करवा चौथ पती की लंबी आयु के लिए निराहार रहकर चांद के दर्शन करने के बाद व्रत खोला गया।

## श्रीमती मीरा लोधी का सहायक प्राध्यापक में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तारादेही



संघ लोक सेवा आयोग की सहायक प्राध्यापक परीक्षा में ग्राम तारादेही से श्रीमती मीरा लोधी का चयन हुआ हैं। परीक्षा का परिणाम गुरूवार शाम को घोषित किया गया जिसमें मीरा लोधी अनारक्षित वर्ग से 29 वीं रैंक हासिल की हैं। वर्तमान में श्रीमती मीरा लोधी पन्ना जिले के अजयगढ़ ब्लांक में महिला बाल विकास में पर्यवेक्षक के पद पर अपनी सेवाएं दे रही हैं। साथ ही प्रभारी परियोजना अधिकारी का कार्यभार संभाल रही हैं। मीरा लोधी तारादेही के प्रतिष्ठित ठाकुर परिवार शिक्षक गुड्डा सिंह ठाकुर के पुत्र मयंक सिंह लोधी जो भोपाल अखिल भारतीय आर्यु विज्ञान संस्थान में फार्मास्सिट के पद पर पदस्थ हैं जिनकी पत्नि हैं। इस उपलब्धि पर तारादेही वरिष्ठ जन एवं शिक्षक गुड्डा सिंह की मित्र मंडली के अलावा तेंदूखेडा नगर के सभी शिक्षकों ने बधाई दी हैं।

## चैक बाउंस होने पर आरोपी को तीन माह का कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

न्यायालय अनुप्रेक्षा जैन न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम क्षेणी जिला दमोह चैक बाउंस के मामले में आरोपी को दोषी मानते हुए 3 माह कारावास एवं क्षतिपूर्ति राशि दिए जाने दण्डादेश पारित किया जाता है। अधिवक्ता मनीष चौबे ने बताया कि प्रकरण परिवादी वैभव कुमार जैन पिता विजय कुमार जैन निवासी पंलदी चौराहा दमोह कपडे का व्यापार करता हैं, आरोपी प्रेमलाल विश्वकर्मा पिता बद्री विश्वकर्मा निवासी ग्राम पोस्ट व महंतपुर तहसील व जिला दमोह परिवादी एवं अनावेदक के मध्य काफी लम्बे समय से अच्छी जान पहचान एवं मधुर संबंध थे आरोपी प्रेमलाल विश्वकर्मा पलंदी चौराहा दमोह में बैल्डिंग की दुकान किये था ;व्यवसायिक आवश्यकताओं को बताकर 490000 अंकन चार लाख नब्बे हजार रूपये की राशि बतौर उधार मांगी परिवादी ने दिनांक 16.02.2023 को पैसे उधार प्रदान कर दिये कुछ दिन बाद माह अप्रैल 2023 में परिवादी ने रूपये मांगे तो आरोपी ने 490000 रूपये अंकन चार लाख नब्बे हजार रूपये का चेक भारतीय बैंक ए.डी.बी. शाखा दमोह का परिवादी को चेक प्रदान कर दिया, जब परिवादी ने चैंक बैंक में लगाया तो बैंक में राशि नहीं होने से परिवादी को रूपये नहीं मिले और चैंक बाउंस हो गया। परिवादी ने इसकी सूचना आरोपी को दी परंतु सूचना के बाद दी आरोपी प्रेमलाल विश्वकर्मा के विरूद्ध न्यायालय में लगा न्यायालय में दोनो के पक्षों के साक्ष्य होने के बाद तर्क सुनकर आरोपी को परिवादी वैभव कुमार जैन को उधार रूपये नहीं देने और खाता में पैसां नहीं होने के बाद भी चैक जारी करने का दोषी मानते हुए 3 माह का कारावास 6 प्रतिशत ब्याज की दर से 556150 रूपये पाचं लाख छप्पन हजार एकसो पचास रूपये की राशि प्रतिकर के रूप में परिवादी को अदा करेगा। क्षतिपूर्ति दिये जाने का आदेश पारित किया। केश की पैरवी एडव्होकेट मनीष चौबे द्वारा की गई।

## चप्पल मारने वाली महिला शिक्षक निलंबित, जिला शिक्षा अधिकारी ने लिया तत्काल संज्ञान

**बनवार/दमोह।** जिले के हिनौती आजम संकुल के बम्हौरीमाला मिडिल स्कूल में गुरुवार सुबह एक पत्रकार पर चप्पल फेंकने वाली महिला शिक्षक को जिला शिक्षा अधिकारी ने निलंबित कर दिया है।जानकारी के अनुसार, पुष्पेंद्र लोधी सुबह करीब 10:45 बजे स्कूल में रिपोर्टिंग करने पहुंचे। जैसे ही उन्होंने स्कूल के बाहर खेल रहे बच्चों के बारे में जानकारी लेने का प्रयास किया, महिला शिक्षक सोना मरावी गुस्से में आ गईं और चप्पल उतारकर पत्रकार पर हमला कर दिया। यह पूरी घटना वीडियो कैमरे में कैद हो गई, जिसे पत्रकार ने सोशल मीडिया पर वायरल किया। इसके बाद पत्रकार ने नोहटा थाने में शिकायत दर्ज कराई और शिक्षा अधिकारियों को भी इसकी जानकारी दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए संकुल के जन शिक्षक ने जांच कर प्रतिवेदन जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपा। जिला शिक्षा अधिकारी नेमा ने बताया कि जन शिक्षक डालचंद अहिरवाल ने मौके पर जाकर सभी पक्षों के बयान दर्ज किए। जांच में पाया गया कि श्रीमती मरावी ने पत्रकार को चप्पल से मारा और शिक्षकीय गरिमा के विपरीत अनुशासनहीनता बरती। जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि महिला शिक्षक के इस कृत्य को मप्र सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 और म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के प्रावधानों के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी, जबेरा, जिला दमोह निर्धारित किया गया है। इस घटना ने शिक्षा विभाग में अनुशासनहीनता के प्रति चेतावनी का संदेश भी भेजा है और बताया जा रहा है कि ऐसी हरकतों के लिए शिक्षा विभाग अब सख्ती बरत रहा है।

## मतदाता सूची की गड़बड़ी पकड़े कांग्रेस कार्यकर्ता- मानक पटेल

**दमोह।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाये जा रहे वोट चोर गद्दी छोड़ के तहत नगर के वार्डो से हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत मांगज वार्ड नं 2 से की गई जिसका आयोजन कांग्रेस के पिछड़ा वर्ग के पूर्व उपाध्यक्ष धरमवीर राय द्वारा किया गया। उपस्थित कांग्रेजनों व्यापारियों युवाओं को संवोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मानक पटेल ने कहि कि कार्यकर्ता मतदाता सूची का गहन निरीक्षण करके जिन सूची में भी गडबड़ी की आशंका है उन सूचियों का अवलोकन कर जिला कार्यालय को अवगत कराये। पूर्व विधायक अजय टंडन, पूर्व नपाध्यक्षा मनु मिश्रा ने कहा कि हमारे जिले को प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने हस्ताक्षर अभियान को जो लक्ष्य दिया है उससे बढ़कर हम दमोह जिले से आमजन को उनके के प्रति जागरूक कर हस्ताक्षर के फार्मेंट जमा करवायेगें। कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष संजय चौरसिया, महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष रजनी ठाकुर, पूर्व किसान कांग्रेस के अध्यक्ष नितिन मिश्रा,



संगठन मंत्री प्रदीप पटेल, राजा राय, वीरेन्द्र राजूपत, शमीम कुरैशी, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, कमला निषाद, केके अग्रवाल, शानु जुनेजा ने भी कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव जो मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र एवं अन्य प्रदेशों में हुए पब्लिक ओपिनियन यही थी कि सरकार कांग्रेस की ही बनेगी किंतु ईव्हीएम के चलते अंत में हम चुनाव हार गये। इस अवसर पर गोपाल रैकवार, अशोक ठाकुर, नीलेश राय, खिल्लू ठाकुर, डालचंद कुशवाहा, एके चिश्ती, अजय जाटव, धनसिंह, पुरूषोत्तम कुशवाहा, शेरू कुशवाहा, विनोद पटेल, मनमोहन अहिरवार ने उपस्थित रहकर राय चौराहे से होकर घंटाघर तक व्यापारियों से भी हस्ताक्षर अभियान में सहयोग देने की अपील की।

## दिव्यांगजनों हेतु विशेष ड्राइविंग लाइसेंस शिविर का हुआ आयोजन

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया निःशक्त जनों के लिए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का स्व-रोजगार केंद्र में उनका प्रशिक्षण आयोजित किया था तब वहां पर दिव्यांगजनों ने उनसे कहा था कि हम लोगों को ड्राइविंग लाइसेंस यदि मिल जाए तो हम आगे कुछ अपना काम कर सकते हैं। इसी उद्देश्य से दिव्यांगजनों के लिए ड्राइविंग लाईसेंस शिविर कलेक्ट्रेट परिसर में लगाया गया था। कलेक्टर श्री कोचर ने बताया अभी तक 60 प्रतिभागियों ने अपने दस्तावेज दिए हैं। आरटीओ दमोह दस्तावेजों में जो भी उनकी फॉर्मेलिटीज को कंप्लीट कर रहे हैं और नियमानुसार उनको फिर जैसी पात्रता और नियम होगा वैसे उनको ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने की करवाई की जायेगी। उन्होंने कहा भविष्य में भी ऐसे कैंप आयोजित किए जायेंगे।

## पटाखा दुकानें शहर के दूर स्थान पर लगाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने निर्देश जारी

**दमोह।** दीपावली के अवसर पर शहर के मुख्य मार्गों और सार्वजनिक स्थानों पर पटाखों की दुकानों से यातायात बाधित एवं जन-हानि होने की संभावना रहती है, जिससे आमजन को असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। जनसुविधा, जनसुरक्षा और सुचारु यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर ने आदेश जारी कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि पूर्व वर्ष की तरह पटाखों की सभी अस्थायी दुकानें हटा नाका, दमोह में स्थापित की जायें। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री कोचर ने हटा नाका, दमोह में अस्थायी पटाखों की दुकानों के संचालन के दौरान कानून व्यवस्था, जनसुरक्षा और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने विभिन्न विभागों/ अधिकारियों को उत्तरदायित्व सौंपे हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा विभागवार व्यवस्थाएं समयबद्ध और समुचित रूप से सुनिश्चित की जाएं। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा हटा नाका दमोह में सभी अस्थायी दुकानों का आकार एक समान होना चाहिए। दो दुकानों के मध्य निर्धारित मानक अनुसार दूरी रखी जाना सुनिश्चित किया जाये। दुकानों के आवंटन के संबंध में लॉटरी या अन्य पारदर्शी प्रणाली का उपयोग किया जाए। हटा नाका, दमोह में दुकानों का आवंटन चारों तरफ की बाउंड्री के साथ लगाकर किया जाए। यह विशेष ध्यान रखा जाये कि कोई भी दुकान ग्राउंड के बीच में न लगे। प्रतिदिन साफ-सफाई व्य,वस्थाो सुनिश्चित की जाये । हटा नाका, दमोह में पर्याप्त संख्या में फायर ब्रिगेड एवं फायर टीम की निरंतर उपस्थिति व्यवस्था सुनिश्चित की जायें। प्रत्येक दुकान पर अग्निशमन यंत्र अनिवार्य रूप से लगे हों, इसकी जांच की जाये। हटा नाका, दमोह में केवल वैध फटाका लायसेंस वाले दुकानदारों को ही दुकान लगाने की अनुमति होगी, इसके अलावा किसी अन्य प्रकार की दुकान नहीं लगाई जाएगी। इस दौरान हटा नाका दमोह में रात के समय पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

## पेंशनर्स की मांगें पूरी कराने विद्युत फेडरेशन करेगा प्रयास

**दमोह।** मं.प्र. विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन की प्रातीय कार्यकारिणी की बैठक को सम्बोधित करते हुये महामंत्री राकेश पाठक ने कहा कि फेडरेशन संविदा कर्मियों, आउटसोर्स कर्मचारियों, नियमित कर्मचारियों, कंपनी केडर कार्मिकों और पेंशनर्स साथियों की समस्याओं के समाधान हेतु हर स्तर पर एकजुट होकर प्रयास और कार्य करेगा। फेडरेशन के महामंत्री राकेश पाठक ने कहा कि बिजली सेक्टर में लम्बे समय के बाद नवीन ओएस में 51000 हजार से अधिक नियमित पदों का सृजन कर भर्ती हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है जो कि बिजनी सेक्टर की सभी कंपनियों के लिये अमृत अर्थात पुर्नजीवन है। फेडरेशन ने सभी का आभार व्यक्त किया। फेडरेशन के महामंत्री राकेश पाठक ने मुख्यमंत्री, उर्जामंत्री, उर्जा सचिव एवं सभी प्रबंधक निर्देशक से आग्रह किया है कि इन नयी



भर्तियों में सभी संबिदा कर्मचारियों को नियमित किया जाये एवं 15 बर्षो से कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों को 50 प्रतिशत का आरक्षण दिया जाये। बिजली में कार्यरत एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों को और उनके परिवारजनों के लिये एक बेहतरीन केशलेश योजना प्रारंभ की गई है। साथ ही साथ शासन से मांग की गई है कि कर्मचारियों एवं पेंशनरो का केन्द्र के समान मंहगाई भत्ता, महगाई राहत परिवार पेंशन राहत दीपावली के पूर्व दी जाये। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रातीय अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह राजपूत ने फेडरेशन द्वारा किये जा रहे कार्यों एवं संगठन की गतिविधियों पर प्रकाश डाला और सभी कर्मचारियों से फेडरेशन से जुड़ने का आवाहन किया। कार्यक्रम का संचालन दिनेश दुबे के द्वारा किया गया जिसमें प्रदेश के प्रांतीय कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## छात्राओं का कबड्डी टीम में चयन



**दमोह।** सागर यूटीडी के खेल परिसर में अंतर महाविद्यालयीन कबड्डी (महिला) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें यूटीडी सागर एवं टाईम्स महाविद्यालय की कबड्डी टीम की छात्राओं का ट्रायल लिया गया। जिसमें टाईम्स महाविद्यालय की रिसिका श्रीवास्तव, दिव्यांका यादव, खुशी पटैल, स्नेहा जैन एवं ईशा राज का चयन विश्वविद्यालय की कबड्डी (महिला) टीम में हुआ। विश्वविद्यालय की कबड्डी (महिला) टीम अर्न्तविश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता के लिए नांदेड़ महाराष्ट्र में भाग लेगी एवं महाविद्यालय की छात्राऐं अपने उच्च खेल का पर्दशन 27 अक्टूबर को करेगी। टाईम्स महाविद्यालय के संस्था प्रमुख डॉ सुशील गुप्ता एवं प्राचार्य डॉ मनजीत कौर साहनी एवं कीडाधिकारी शहबाज अली सहित समस्त स्टाफ ने चयनित प्रतिभागियों को बधाई प्रेषित की एवं अगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएँ दी।

# अन उपयोगी साबित हो रहे, एक लाख की लागत से बने टॉयलेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गेसाबाद



ग्राम पंचायत द्वारा ठेका पर देकर निर्मित कराए गए दो टॉयलेट अनउपयोगी साबित हो रहे हैं, प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत गैसाबाद द्वारा ग्राम के ही एक व्यक्ति को ठेका देकर चंडी माता चौक के पास एवं आजाद चौक के पास वलैह रोड पर दो टॉयलेटों का निर्माण कराया गया है जिसके निर्माण कार्य में अनियमिकताएं साफ दिखाई दे रही हैं। ग्रामीण जनों ने हरिभूमि को बताया कि जो टॉयलेट बनाए गए हैं वह बहुत छोटे हैं एवं टॉयलेट के अंदर टाइल्स नहीं लगाए गए हैं। पानी की भी कोई व्यवस्था नहीं की गई है जिससे बदबू चारों ओर फैल रही है, टॉयलेट के अंदर यूनियर भी नहीं लगाया गया है। इसे अनुभव की कमी कहें या जल्दबाजी कि टॉयलेट के दोनों गेट अंदर की ओर खुलते हैं, जिससे लोगों को अंदर आने जाने में भारी सुविधा होती है लोगों ने बताया कि टॉयलेट के अंदर इतनी कम जगह है कि वहां पर खड़ा होना मुश्किल होता है। गौरतलब है कि लंबे इंतजार के बाद जैसे तैसे पंचायत द्वारा टॉयलेटों का निर्माण तो कराया गया लेकिन सिस्टमैटिक तरीके से निर्माण कार्य नहीं कराऐ जाने से यह नवनिर्मित टॉयलेट अनउपयोगी साबित हो रहे हैं। ग्रामीण जनों ने करीबन एक लाख की लागत से बनाए गए टॉयलेट में सुधार किए जाने की मांग की है ताकि लोगों को सुविधा प्राप्त हो सके।

### इनका कहना है

शीघ्र ही टॉयलेट के अंदर टाइल्स लगवा कर पानी की व्यवस्था की जाएगी एवं जो दरवाजे उल्टे लगे हुए हैं,जो अंदर की ओर खुलते हैं। उन्हें उखाड़ कर सीधा लगाया जाएगा।

**कदीर खान**
**सचिव, ग्राम पंचायत गैसाबाद**

## स्वयं नशे से दूर रहना व दूसरों को भी इससे दूर रखना हमारी सामाजिक जिम्मेदारी- न्यायाधीश

**दमोह।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत प्रधान जिला न्यायाधीश/ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष श्री सुभाष सोलंकी के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत तिदौनी में विधिक साक्षरता शिविर संपन्न हुआ। शिविर में विशेष न्यायाधीश पाक्सो कोर्ट जिला न्यायालय दमोह विश्वनाथ शर्मा, जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, विकास गुप्ता, सचिव हरप्रसाद धुर्बे, पटवारी विशाल राय, ग्राम रोजगार सहायक दशरथ अहिरवार एवं ग्रामीणजन मौजूद थे।

विशेष न्यायाधीश पॉक्सो विश्वनाथ शर्मा ने उपस्थित ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा नशे से मनुष्य की केवल शारीरिक नही बल्कि आर्थिक, सामाजिक, मानसिक हानि होती है। नशा करने वाला व्यक्ति केवल व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि परिवार, समाज और राष्ट्र को भी खोखला करता है, इसलिए स्वयं नशे से दूर रहने के साथ ही दूसरों को भी इससे दूर रखना हमारी सामाजिक जिम्मेदारी है। किसी भी प्रकार का नशा हमारे जीवन को हर प्रकार से हानि ही पहुंचाता है। उन्होंने लोगों से नशे से दूर रहने की अपील की। साथ ही बच्चों के साथ होने वाले अपराधों के संबंध में रखी जाने वाली सावधानियों के विषय पर भी ग्रामीणों को जानकारी दी।

जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया ने नशा पीड़ितों व नशा उन्मूलन के लिए विधिक सेवाएं, महिलाओं के कानूनी अधिकार, पाक्सो एक्ट, घरेलू हिंसा, नालसा फ्री हेल्पलाईन 15100, पॉक्सो एक्ट इत्यादि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों द्वारा बताई गई समस्याओं के संबंध में समाधान बताये गये।

## कांग्रेस ने कैंडिल मार्च निकालकर दी श्रद्धांजली



**दमोह।** प्रदेश में कोलड्रिफ कफ जहरीली के सेवन से 16 बच्चों की असमायिक मौत जिनमें छिन्दवाड़ा बैतूल के मासूमों की जाने गई उनके प्रति शोक सवेदनाएं व्यक्त करने जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में कांग्रेनजनों ने घंटाघर से मोमवत्ती लेकर पैदल मार्च करते हुए अम्बेडकर चौक पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजली दी। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मानक पटेल ने कहा कि कोलड्रिफ कफ सीरप में कुछ ऐसे हानिकारक तत्व मौजूद है जो बच्चो की जान ले रहे है इसके बावजूद मध्यप्रदेश सरकार ने न केवल इस सीरप को क्लीन चिट दी बल्कि इसकी विक्री और वितरण को भी निर्बाध रूप से जारी रखने की अनुमति दी यह सरकार की घोर लापरवाही दर्शाता है। संजय चौरसिया, परम यादव, रजनी ठाकुर, कमला निषाद, वीरेन्द्र राजपूत, नितिन मिश्रा, बंसत कुशवाहा, मुख्तार जाफरी, वीरेन्द्र चौबे, संजय सेठ, दिनेश रैकवार, अरविन्द अवस्थी, संरेन्द्र हजारी, डिमान सेन, अभिषेक यादव, शमीम कुरैशी, पप्पू कसोटया, मुकेश रोहिताष, अमर सिंह, हेमराज शंभु राय, विन्दू पार्षद सहित अनेको कांग्रेसजनों ने श्रद्धांजली अर्पित की।

## आनंद धाम जबेरा में यज्ञ एवं श्रीमद् भागवत हेतु बैठक का आयोजन कल

**दमोह।** सिद्ध क्षेत्र आनंद धाम जबेरा (पुरनयाऊ) में मंगलेश्वरी मठ में विराजमान मां काली की 11वीं वर्षगांठ के अवसर पर पांच में बृहद यज्ञ श्रीमद् भागवत एवं संत समागमका आयोजन आगामी माह नवंबर में किया जा रहा है। यज्ञ की रूपरेखा तय करने हेतु दिनांक 12 अक्टूबर 2025 दिन रविवार को सायं 4:00 बजे से श्री आनंद धाम पीठाधीश्वर दंडी स्वामी श्री नर्मदानंद जी सरस्वती महाराज (स्वामी रंजितानंद जी ) के निर्देशन में एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया जा रहा है। श्री आनंद धाम समिति ने सभी महानुभावों से उपस्थिति की अपील की है ताकि धार्मिक कार्य को संपन्न कराने के लिए अपने अमूल्य सुझाव देकर के पुण्य लाभ अर्जित करें।